**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1405**
**13 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## स्मार्ट सिटी मिशन की उपलब्धियां

**1405. श्री मनोज तिवारीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के आरंभ में अब तक इसके अंतर्गत क्या सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की गई हैं;

(ख) उक्त मिशन ने चयनित शहरों में सड़कों, जलापूर्ति और अपशिष्ट प्रबंधन जैसी शहरी अवसंरचना में किस प्रकार सुधार किया है; और

(ग) क्या स्मार्ट सिटी मिशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ग): स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) की शुरुआत 25.06.2015 को की गई थी, जिसका उद्देश्य शहरों में कोर इंफ्रास्ट्रक्चर और 'स्मार्ट' समाधानों के अनुप्रयोगों के माध्यम से अपने नागरिकों को एक उच्च गुणवत्ता वाला जीवन प्रदान करना है। शहर स्तर पर एससीएम का कार्यान्वयन एक विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) द्वारा किया गया है। यह मिशन 100 शहरों में रेट्रोफिटिंग, पुनर्विकास और ग्रीनफील्ड विकास के माध्यम से क्षेत्र-आधारित विकास दृष्टिकोण को अपनाता है। इस दृष्टिकोण ने चयनित क्षेत्र में अन्य परियोजनाओं को केंद्र और राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के साथ कन्वर्जन्स, सार्वजनिक निजी भागीदारी आदि जैसे कई वित्तपोषण स्रोतों को शामिल किया है।

इस मिशन के तहत 100 शहरों ने 1,64,368 करोड़ रुपये की कुल 8,058 परियोजनाएं शुरू की हैं। 20.01.2025 तक, 100 स्मार्ट सिटीज द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार 1,50,017 करोड़ रुपये की लागत वाली 7,480 परियोजनाएं (यानी कुल परियोजनाओं का 93%) पूरी हो चुकी हैं। एससीएम के विभिन्न कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के तहत हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

एससीएम के तहत, केंद्र सरकार ने 100 शहरों के लिए कुल 48,000 करोड़ रुपये का परिव्यय रखा है। 20.01.2025 तक, शहरों द्वारा उपयोग की गई निधि के आधार पर 47,425 करोड़ रुपये (यानी कुल केंद्रीय हिस्से के आवंटन का 98%) की केंद्रीय वित्तीय सहायता का दावा किया गया है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने 45,506 करोड़ रुपये (यानी जारी किए गए कुल केंद्रीय हिस्से का 96%) का उपयोग कर लिया है।

*****

**अनुलग्नक**

**स्मार्ट सिटी मिशन की उपलब्धियां के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1405 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**(करोड़ रुपए में)**

| क्र. सं. | एससीएम के क्षेत्र | एससीएम के अंतर्गत शुरू की गई परियोजनाओं की प्रकृति | परियोजनाओं की कुल संख्या | पूर्ण की गई परियोजनाओं की संख्या | परियोजनाओं की लागत | पूर्णता % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) | जल आपूर्ति की निगरानी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, इन्टेलिजेन्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, सार्वजनिक सुरक्षा | 100 | 100 | 11,775 | 100 |
| 2 | स्मार्ट मोबिलिटी | स्मार्ट सड़क, गैर-मोटर चालित परिवहन, पैदल यात्री और सार्वजनिक परिवहन परियोजनाओं का विकास | 1741 | 1579 | 37,304 | 91 |
| 3 | स्मार्ट ऊर्जा | एलईडी/सौर, स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा संस्थापन और गैस पाइपलाइनों का विकास | 694 | 675 | 13,857 | 97 |
| 4 | जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य (वाश) | जल आपूर्ति, सीवरेज, जल निकासी और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएं | 1546 | 1439 | 46,728 | 93 |
| 5 | जीवंत सार्वजनिक स्थान | खुले स्थानों, बाजारों और जलाशयों का पुनरुद्धार | 1409 | 1311 | 10,340 | 93 |
| 6 | आर्थिक अवसंरचना | नगर निगम राजस्व में वृद्धि, बाजार पुनर्विकास जैसी परियोजनाएं | 931 | 838 | 11,074 | 90 |
| 7 | सामाजिक अवसंरचना | स्मार्ट कक्षाओं, डिजिटल पुस्तकालयों और स्मार्ट स्वास्थ्य केंद्रों का विकास | 898 | 848 | 12,073 | 94 |
| 8 | स्मार्ट सरकार | नगर प्रशासन में सुधार लाने के उद्देश्य से सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित परियोजनाओं का विकास | 685 | 643 | 16,256 | 94 |

*****